उत्तर प्रदेश शासन

पशुधन अनुभाग-1

संख्या-4503/37-1-14-2(32)/2014

लखनऊः दिनांक 12 दिसम्बर, 2014

<u>आदेश</u>

लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद द्वारा पशु चिकित्साधिकारी के पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को चरित्र सत्यापन एवं मण्डलीय चिकित्सा परिषद की स्वस्थता परीक्षा में स्वस्थ घोषित किये जाने के उपरान्त श्री राज्यपाल संलग्न सूची में उल्लिखित 12 अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश पशु चिकित्सा सेवा श्रेणी-2 के अन्तर्गत पे बैण्ड-3 रू0 15600-39100, ग्रेड वेतन रू0 5400 में पशु चिकित्साधिकारी के पद पर निम्न शर्तो के साथ अस्थायी रूप से नियुक्त करने तथा संलग्न सूची के स्तम्भ-5 में उल्लिखित जनपदों के रिक्त पशु चिकित्सालयों पर तैनात किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

1- उक्त अभ्यर्थी पशु चिकित्साधिकारी के पद पर योगदान की तिथि से 2 वर्ष की परिवीक्षा पर रहेंगे।

2- इन अभ्यर्थियों की सेवा शर्ते शासन द्वारा समय-समय पर राज्य कर्मचारियों हेतु निर्गत की गई संगत नियमावलियों एवं शासनादेशों के अधीन होंगी।

3- उक्त अभ्यर्थियों को कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात वेतन के अतिरिक्त समय-समय विभिन्न शासनादेशों के अन्तर्गत अनुमन्य मंहगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते, जो भी हों, देय होगें।

4- उ0प्र0 अस्थायी/स्थानापन्न सेवायें अस्थायी सरकारी सेवा (सेवा समाप्ति) नियमावली, 1975 के अन्तर्गत किसी समय सरकारी सेवक द्वारा नियुक्ति प्राधिकारी को अथवा नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा सरकारी सेवक को दी गयी नोटिस द्वारा सेवायें समाप्त की जा सकेंगी।

5- सभी अभ्यर्थी अपनी योगदान आख्या अपनी तैनाती के जनपद के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

6- समस्त अभ्यर्थी एक माह के अन्दर अनिवार्य रूप से कार्यभार ग्रहण कर लेंगे। निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कार्यभार न करने की स्थिति में उनका अभ्यर्थन निरस्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

7- तैनाती के जनपद तक जाने/पहुचने हेतु कोई मार्ग व्यय अथवा यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

8- उन्हें कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व निम्न प्रमाण-पत्र/घोषणा-पत्र प्रस्तुत करने होंगेः-

(1) दो ऐसे राजपत्रित अधिकारियों से जो सक्रिय सेवा में हों और उनसे पूर्व से परिचित हों, किन्तु उनके सम्बन्धी न हो, अच्छे चरित्र का प्रमाण-पत्र।

(2) ओथ आफ एलीजियन्स का प्रमाण-पत्र।

(3) गोपनीयता का प्रमाण-पत्र।

http://shasnadesh.up.nic.in

(4) चल तथा अचल सम्पत्ति का प्रमाण-पत्र।

(5) एक से अधिक जीवित पत्नी/पति न होने का शपथ-पत्र।

9- इन पशु चिकित्साधिकारियों की पारस्परिक ज्येष्ठता उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 1991 के प्राविधानों के अनुसार निर्धारित की जायेगी।

अनन्त कुमार सिंह,
प्रमुख सचिव

संख्या-4503 (1)/37-1-2014, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

(2) उप सचिव, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, इलाहाबाद को उनके पत्र संख्या-24/03/एस-2/डी/2011-12, दिनांक 19 मई, 2014 के संदर्भ में सूचनार्थ।

(3) निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, इलाहाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे सरकारी गजट के आगामी अंक में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

(4) निदेशक, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

(5) सम्बन्धित मण्डल के अपर निदेशक, ग्रेड-2, पशुपालन विभाग।

(6) सम्बन्धित मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों को इस निर्देश के साथ कि वे कृपया नवनियुक्त अधिकारियों को प्रस्तर-8 में उल्लिखित प्रपत्रों को उपलब्ध कराकर एवं उनसे सम्बन्धित प्रपत्रों को पूर्णरूपेण भरवाकर निदेशक, पशुपालन को उपलब्ध करायें तथा उन्हें तैनाती स्थल पर योगदान करायें और योगदान रिपोर्ट शासन/निदेशालय को विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर अवश्य प्रेषित करें।

(7) सम्बन्धित मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।

(8) सम्बन्धित अधिकारियों को संलग्न सूची के अनुसार (रजिस्टर्ड डाक द्वारा)।

(9) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
दया शंकर सिंह
संयुक्त सचिव।

http://shasnadesh.up.nic.in

शासनादेश संख्या-4503/37-1-2014-2(32)/14, दिनांक 12-12-2014 का संलग्नक

क्र0 सं0	अभ्यर्थी का नाम / पिता का नाम सर्वश्री	जन्मतिथि /गृह जनपद	स्थायी पता	प्रस्तावित तैनाती
1	2	3	4	5
1	सुश्री मंजुला देवी पुत्री श्री शिव बालक राम	20-10-1980 कानपुर देहात	ग्राम-लगरथा, पोस्ट-मंगलपुर, झींझक, जिला- कानपुर देहात	माधौगंज, हरदोई
2	जतिन कुमार पुत्र श्री राज कुमार सिंह	3-10-1987 हाथरस	म0नं0-3659, नगला टीका, पोस्ट-कुंवरपुर, तहसील-हाथरस, जिला हाथरस	कुरामई, कासगंज
3	प्रदीप कुमार पुत्र श्री हवलदार राम	2-4-1981 आजमगढ	ग्राम-सपनहर, पोस्ट-देवईत, जिला-आजमगढ	बरईपार, जौनपुर
4	कौशल किशोर पुत्र श्री कमल किशोर आर्य	17-10-1988 बरेली	म0नं0-10, ग्राम/मो0-आई0वी0आर0आई0, इज्जतनगर, बरेली	बढापुर, बिजनौर
5	मोहित सिंह पुत्र श्री रामपाल सिंह	20-6-1989 बिजनौर	ग्राम-आनन्दीपुर, पोस्ट-सुआवाला, तहसील-धामपुर, जिला-बिजनौर	मनौटा, सम्भल
6	प्रवीण भारती पुत्र श्री ज्योति प्रसाद	17-2-1983 मुजफ्फरनगर	630/1, बसन्त विहार, थाना-सिविल लाइन, मुजफ्फरनगर	शाहपुर, बागपत
7	रणधीर प्रसाद पुत्र श्री बलिन्द्र प्रसाद	5-7-1988 देवरिया	ग्राम बनकटा अमेठिया, पोस्ट-भाटपाररानी, जिला-देवरिया	इब्राहिम पट्टी, बलिया
8	आलोक कुमार गौरव पुत्र श्री बद्री प्रसाद	आजमगढ 7-2-84	ग्राम व पोस्ट- नाहरपुर, जिला-आजमगढ	जयप्रकाश नगर, बलिया
9	रवीन्द्र कुमार चक्रवर्ती पुत्र श्री रामचन्द्र राम	7-8-1990 आजमगढ	ग्राम- भितरी, पोस्ट-मेहमौनी, तहसील-निजामाबाद, जिला-आजमगढ	नरही, बलिया
10	प्रशान्त गौतम पुत्र श्री बी0एल0 गौतम	25-10-1983 लखनऊ	538के/567ख, योगीनगर, त्रिवेणीनगर-3, सीतापुर रोड, लखनऊ	पचपेड़वा, बलरामपुर
11	विपिन कुमार सिंह पुत्र श्री अनार सिंह	22-2-1985 मथुरा	ए-4, मोती कुंज एक्सटेंशन, मथुरा, उ0प्र0-281001	सनौड़ी खास,कासगंज
12	सिम्पल पुत्री श्री राम विलास वर्मा	1-7-1987 कानपुर नगर	जी-561, आवास विकास योजना संख्या-1, थाना-कल्याणपुर, जिला-कानपुर नगर-208017	भिटौरा फतेहपुर

दया शंकर सिंह
संयुक्त सचिव

http://shasnadesh.up.nic.in